(1) विद्यार्थी दोहे में प्रयुक्त कठिन शब्दों का अर्थ समझने की योग्यता प्राप्त कर पाएंगी।

(2) विद्यार्थी दोहे द्वारा काव्य की भाषा में रसात्मकता का अनुभव करने के योग्य हो पाएंगी।

III

(1) विद्यार्थी हिन्दी साहित्य की उपयोगिता के संबंध में दोहे द्वारा बताई गई जानकारी अपने जीवन में प्रयोग कर सकेंगी।

IV

(1) विद्यार्थी भाषा के आधार पर भिन्न-2 वाक्यों का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सामान्य सहायक सामग्री

विशिष्ट सहायक सामग्री:- * रहीम के दोहे लिखा चार्ट।

पूर्वज्ञान परीक्षण

प्रस्तावित प्रश्न	संभावित उत्तर
[छा० अ० बच्चों से दैनिक जीवन से संबंधित प्रश्न करते हुए]	
① क्या आपने रहीम जी का नाम सुना है?	हाँ
② रहीम जी क्या लिखते थे?	दोहे
③ क्या आपको रहीम जी का कोई दोहा याद है?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन :- आओ बच्चों आज "रहीम के दोहे" पाठ से दोहे पर चर्चा करेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण

बिंदु	शि० विधि	छा० अध्यापिका क्रियाएँ
कहि रहीम सम्पति सगे, बनत बहुत बहु रीत विपति कसौटी जे कसे तेई साँचे मीत।	आदर्श वाचन व व्याख्या विधि	छा० अध्यापिका बच्चों को पाठ्य पुस्तक मे से रहीम के दोहे को पढ कर सुनाएँगी एवं दोहे का सरलार्थ करेंगी। रहीम दास कहते है कि व्यक्ति के पास यदि रुपया या किसी भी प्रकार की धन सम्पत्ति विद्यमान रहती है तो सभी अपने सगे संबंधियों जैसा व्यवहार करने लगते है। लेकिन सच्चा मित्र वही कहलाता है जो वास्तव मे विपत्ति के समय साथ देता हो वही सच्चा और अस्तित्ववान व्यक्ति होता है

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	शिक्षण विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	
संबंधित प्रश्न	प्रश्न - उत्तर विधि	(1) रहीम जी ने सच्चा मित्र किसे बताया है?	उत्तर - रहीम जी ने सच्चा मित्र उसे बताया है जो वास्तव में विपत्ति के समय साथ दें।
तउ न छाँड़ति छोह	आदर्श वाचन व व्याख्या	रहीम दास जी एक ऐसे मित्र का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे है, जो ऐसी साथी के वियोग मे अपना प्राण त्याग दे और उसका साथी परवाह किए बिना उसका साथ छोड़ने के लिए तैयार हो जाता है। इस लिए पुनः रहीम कहते है, कि मछली जब जाल में फँस जाती है तो पानी उसका साथ छोड़कर	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शि० बिंदु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	चॉक बोर्ड कार्य
		आगे बढ़ जाता है। अर्थात ऐसा मित्र किस काम का जो विपत्ति में काम ही ना आ सका।		
संबंधित प्रश्न	प्रश्न-उत्तर विधि	रहीम जी किस प्रकार के मित्र का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं?	उत्तर- ऐसा मित्र जो साथी के वियोग में प्राण त्याग दें।	
विशेषता	व्याख्या विधि	प्रस्तुत दोहे में एक सच्चे दोस्त की विस्तारपूर्वक व्याख्या की गई है।		
संबंधित प्रश्न	प्रश्न-उत्तर विधि	① सम्पत्ति के समय कौन साथ देता है?	उत्तर- सम्पत्ति के समय सगे सम्बन्धी सभी साथ देते हैं।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

मूल्यांकन

① सम्पत्ति और संग का क्या अर्थ है?

② सच्चा मित्र कैसा होना चाहिए?

③ किसकी कसौटी ली गई है?

④ सच्चे मित्र की किस विशेषता को दर्शाया गया है?

गृहकार्य

GIMMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

① विद्यार्थी होनी पढ़ाए गए दोहों का अर्थ स्पष्ट करके तथा याद करके लाए।

② सच्चे मित्र की पहचान क्या है?

Ashokka

LESSON No. 15

Date 10/3/15

Duration of the period 35 मि०

Pupil Teacher's Name सरोज लकवाड़

Pupil Teacher's Roll No. 1425

Class सातवीं

Average Age of the pupils 12+

Subject हिन्दी शिक्षण

Topic चिट्ठियों की अनूठी दुनिया

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

I

(1) विद्यार्थी पत्र व्यवहार के बारे में जानकारी प्राप्त कर पाएँगे।

(2) विद्यार्थी पत्र व्यवहार से संबंधित ज्ञान प्राप्त कर पाएँगे।

II

(1) विद्यार्थी पत्र की विभिन्न प्रकार से बदलते हुए दूसरे रूप से उसकी उपयोगिता रख पाएँगे।

(2) विद्यार्थी पत्र का रूप मोबाईल, ई-मेल, तथा फैक्स के रूप में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS, SKILLED INDIA

III

1. विद्यार्थी पत्र मोबाइल तथा ई-मेल आदि का प्रयोग दैनिक जीवन में कर पाएंगे।
2. विद्यार्थी चिट्ठियों के लिखे जाने के कारण आसानी से जान

3. विद्यार्थी चिट्ठियों का दैनिक जीवन में प्रयोग करके उसकी उपयोगिता समझने के योग्य हो पाएंगे।

IV

1. विद्यार्थी पत्र और आधुनिक साधनों में अंतर स्पष्ट करने के योग्य हो जाएंगे।

V :— चिट्ठियों के नमूने।

पूर्वज्ञान परीक्षण :— बच्चे ने दैनिक जीवन में पत्र से संबंधित प्रयोग जानते है।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तावना :-

प्रस्तावित प्रश्न	संभावित उत्तर
① (छा० अध्यापिका पत्र दिखाते हुए) यह क्या है?	पत्र
② क्या आपको पता है कि हम पत्र किसको लिखते हैं?	मित्रों, रिश्तेदारों को
③ शतेन्द्र बीमार था, इसकी सूचना उसने किसके माध्यम से अपने घर पहुँचाई	पत्र से।
④ चिट्ठियों के विषय में आप और क्या जानते हैं?	समस्यात्मक/संभावित उत्तर

उद्देश्य कथन :-

बच्चों आज हम पत्रों पर चर्चा करेंगे तथा चिट्ठियों की "अनूठी दुनिया" के बारे में पढ़ेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण

शि० बिंदु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	छा० क्रियाएँ
चिट्ठियों की अनूठी दुनिया	व्याख्या विधि	किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा अपने विचारों के आदान-प्रदान के लिए लिखित दस्तावेज चिट्ठी कहा जाता है।	
संबंधित प्रश्न	प्रश्न-उत्तर विधि	चिट्ठी किसे कहते हैं?	उत्तर — विचारों के आदान-प्रदान के लिए लिखित दस्तावेज।
चिट्ठियों के प्रकार	प्रदर्शन व व्याख्या विधि	मुख्यतः चिट्ठियाँ दो प्रकार की होती हैं:— (क) राजपत्रित (ख) अराजपत्रित	
संबंधित प्रश्न	प्रश्न विधि	चिट्ठियाँ कितने प्रकार की होती हैं? नाम बताइए।	चिट्ठियाँ दो प्रकार की होती हैं — (क) राजपत्रित (ख) अराजपत्रित चिट्ठियाँ

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

०० बिंदु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	
राजपत्रित चिट्ठियाँ	व्याख्या विधि	राजपत्रित पत्र वह पत्र होता है जिनको राजकीय दस्तावेज आते है।	
संबंधित प्रश्न	प्रश्न-उत्तर विधि	राजपत्रित चिट्ठियाँ कौन सी होती है?	उत्तर- राजकीय दस्तावेजों को राज-पत्रित चिट्ठी कहते है।
अराज-पत्रित चिट्ठियाँ	व्याख्या विधि	अराजपत्रित वे सभी प्रकार के पत्र व्यवहार के दस्तावेज आ जाते है जो राजकीय काम के लिए प्रयुक्त न किए गए है।	
संबंधित प्रश्न-	प्रश्न-उत्तर विधि	अराजपत्रित चिट्ठियाँ कौन-सी होती है?	उत्तर- राजकीय काम के लिए प्रयुक्त न किए जाते है।
चिट्ठियों के नाम	व्याख्या विधि	चिट्ठी के विभिन्न भाषाओं के नाम निम्न है:- क) अंग्रेजी में लेटर ख) उर्दू में खत ग) तेलगु में उत्तरम घ) कन्नड में कागद	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

मूल्यांकन

① उर्दू मे चिट्ठी को क्या कहते है?

② चिट्ठियों की अनूठी दुनिया किस ने लिखा?

③ क्या पत्र का स्थान एस० एम० एस० ले सकते है?

CIMETRIX
SKILLED INDIANS SKILLED INDIA

गृहकार्य

① अपने मित्र को अपने जन्मदिवस पर आमंत्रित करने के लिए लिए चिट्ठी लिखो।

Alok K

LESSON No. ...16....

Date 10/3/15 | Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name सरोज लकवाडु | Pupil Teacher's Roll No. 1425

Class आठवीं | Average Age of the pupils 13+

Subject हिन्दी | Topic अलंकार

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

I :— ① अलंकार का अर्थ बता पाएँगी।

② अलंकार की पहचान कर पाएँगी।

③ विद्यार्थी अलंकार के भेदों के नाम बता पाएँगी।

II :— ① अलंकार को भेदों के आधार पर वर्गीकृत कर पाएँगी।

② अलंकार के उदाहरण बता पाएँगी।

III — ① दैनिक जीवन में अलंकारों का प्रयोग कर पाएँगी।

IV — ① अलंकृत भाषा लिखने का कौशल प्राप्त कर पाएँगी।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

~~सामान्य सहायक सामग्री~~
विशिष्ट **सहायक सामग्री :-** अलंकारो का चार्ट।

पूर्वज्ञान परीक्षण

छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
① प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को अच्छा देखना चाहेगा?	हाँ
② स्त्रियाँ अपनी सुन्दरता बढ़ाने के लिए किन-किन चीजों का प्रयोग करती है?	तरह-तरह के कपड़े, चूड़ियाँ मेहन्दी, काजल इत्यादि।
③ क्या भाषा मे सुन्दरता लाई जा सकती है?	हाँ
④ भाषा मे सौन्दर्य कैसे उत्पन्न किया जाता है?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन :- आओ बच्चो! आज हम भाषा मे सौन्दर्यता को बढाने के तरीके जानेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण

शि० बिंदु	शि० विधि	छा० अध्यापिका क्रियाएँ	
अलंकार	प्रदर्शन व व्याख्या विधि	अलंकार में अलम् + कार दो शब्द है। अलम का अर्थ है – आभूषण। जो अलंकृत करे वही अलंकार है। अलंकार सौन्दर्य का साधन है। जिस प्रकार आभूषण नारियों का श्रृंगार होते हैं उसी प्रकार साहित्य में शब्दों और अर्थों में चमत्कार लाने वाले तत्व अलंकार है।	
प्रश्न	प्रश्न-उत्तर विधि	① अलंकार का क्या अर्थ होता है?	उत्तर – अलंकार का अर्थ है आभूषण या गहने।
अलंकार के प्रदान	प्रदर्शन विधि	अलंकार दो प्रकार के होते हैं :— ① अर्थ अलंकार	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS, SKILLED INDIA

शिक्षण बिंदु	शिक्षण विधि	छा० अध्यापिका क्रियाएँ	छा० क्रियाएँ	ब्लैक बोर्ड कार्य
		② अर्थ अलंकार		
संबंधित प्रश्न	प्रश्न उत्तर विधि	① अलंकार कितने प्रकार के होते हैं?	उत्तर - अलंकार दो प्रकार के होते हैं। ① अर्थालंकार ② शब्दालंकार	
शब्दालंकार	व्याख्या विधि	जहाँ विशिष्ट शब्दों का प्रयोग करके काव्य में सुन्दरता आ जाती है तहाँ शब्द अलंकार होता है।		
भेद शब्दालंकार के प्रकार	प्रदर्शन विधि	शब्दालंकार के तीन प्रकार हैः — ① अनुप्रास अलंकार ② यमक अलंकार ③ श्लेष अलंकार		

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शि० बिंदु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	
संबंधित प्रश्न	प्रश्न उत्तर विधि	① शब्दालंकार के कितने प्रकार होते हैं?	उत्तर – 3 प्रकार हैं ① अनुप्रास ② यमक ③ श्लेष अलंकार
अनुप्रास अलंकार	व्याख्या विधि	अनुप्रास अलंकार :– किसी वर्ण की बार-2 आवृत्ति होने, अनुप्रास अलंकार होते हैं। उदाहरण – रघुपति राघव राजा राम। 'र' वर्ण की आवृत्ति।	
यमक अलंकार	व्याख्या विधि	कोई एक ही शब्द बार-2 आए परंतु अर्थ हर बार भिन्न हो। उदाहरण – कनक-कनक तै सौ गुनी। कनक - सोना, कनक - धतूरा	
श्लेष अलंकार	व्याख्या विधि	शब्द का प्रयोग एक बार हो पर अर्थ अलग-2 हो। उदाहरण – सुवरन को खोजत फिरत, कवि, व्याभिचारी चोर	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

मूल्यांकन

① अंलकर किसे कहते है?

② अंलकार के कितने भेद होते है?

③ अनुप्रास अंलकार किसे कहते है? उदाहरण दीजिए।

④ यमक अंलकार किसे कहते है? उदाहरण दीजिए।

⑤ श्लेष अंलकार किसे कहते है?

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

गृहकार्य

① अंलकार की परिभाषा लिखिए।

② शब्दांलकार क्या है?

③ भाषा की सुन्दरता किससे बढ़ती है?

④ यमक अंलकार का उदाहरण लिखिए।

Aman

LESSON No. ...17....

Date 10/3/15 | Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name सरोज लकवाड़ | Pupil Teacher's Roll No. 1425

Class 6 | Average Age of the pupils

Subject हिन्दी शिक्षण | Topics "समश्रुति भिन्नार्थी शब्द"

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

I — ① भिन्नार्थी शब्दों की परिभाषा लिख पाएँगी।

② भिन्नार्थी शब्दों की पहचान पाएँगी।

II — ① भिन्नार्थी शब्दों का उच्चारण सही ढंग से कर पाएँगी।

III — ① भिन्नार्थी शब्दों के अर्थ के अनुरूप प्रयोग कर पाएँगी।

IV — ① भिन्नार्थी शब्दों का मूल्यांकन कर पाएँगी।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

सहायक सामग्री :-> फ्लैश कार्ड, भिन्नार्थी शब्दों का चार्ट

पूर्वज्ञान परीक्षण

प्रस्तावित प्रश्न	संभावित उत्तर
① छा० अध्यापिका बच्चों से चार्ट पर लिखे शब्दों को पढ़वाएँगी।	बच्चे पढ़ेंगे।
② बच्चो! ये शब्द आपको पढ़ने में कैसे लगे?	एक समान
③ क्या इनमें कोई भिन्नता है?	मात्राओं की।
④ क्या आप इनमें और कोई भिन्नता बता सकते हैं?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन आओ! बच्चो आज हम इन समश्रुति परंतु भिन्नार्थी शब्दों के विषय में पढ़ेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण

शि० बिंदु	शि० विधि	छा० अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	
भिन्नार्थी शब्द की परिभाषा	व्याख्या विधि प्रदर्शन विधि	छा० अध्यापिका बच्चों से चार्ट पर लिखे शब्दों को पढवाएँगी जैसे- आदि - आदी मैं - मे हरि - हरी कर्ण - करण उपकार - अपकार	बच्चे समश्रुति शब्दों को पढ़ेंगे।	
प्रश्न	—	① बच्चों ये शब्द पढ़ने में कैसे लगे?	एक जैसे लगे।	
		बिल्कुल ठीक—। ये शब्द पढ़ने में एक जैसे ही है परन्तु इनमें कुछ अन्तर है क्या आप मे से कोई बता सकता है क्या अन्तर है?	मात्राओं का अन्तर है।	
		बिल्कुल ठीक एक अन्तर मात्राओं का है।		
		दूसरा अन्तर - यह है कि इन एक समान दिखने व बोले जाने वाले शब्दों का अर्थ		

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	शि० विधि	छा० अध्यापिका क्रियाएँ
		अलग - अलग है।
		ऐसे शब्दों को ही भिन्नार्थी शब्द कहते है।
शब्द व अर्थ	व्याख्या व प्रदर्शन विधि	छात्र अध्यापिका चार्ट पर लिखे सभी शब्दों का संकेतक की सहायता से सही उच्चारण करेंगी तथा उनका अर्थ बतायेंगी। जैसे – ① आदि - आदी
शब्द व अर्थ	उदाहरण –	⊛ आदी - आदत
		* आदि - आरंभ
	प्रदर्शन विधि	② हरि - हरी
शब्द व अर्थ।		हरि - प्रभु, भगवान
		हरी – हरे रंग की वस्तु

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

बिंदु	शि० विधि	छा० अध्यापिका क्रियाएँ	
वाचन संशोधन	प्रश्न-उत्तर विधि	छात्र अध्यापिका चार्ट पर लिखे शब्दों का उच्चारण छात्रों से करवाएँगी। छा० अध्यापिका बच्चों की अशुद्धियों मे सुधार करेंगी।	
वाचन संशोधन	प्रश्न-उत्तर विधि	छात्र अध्यापिका बच्चों से प्रश्न पूछेंगी — (1) कल्पना व कलपना का क्या अर्थ है? (2) क्षीति-क्षिति मे क्या अन्तर है? (3) कर्ण व करण का क्या अन्तर है?	उत्तर (1) कल्पना - नई सोच कलपना - दुखी करना (2) क्षीति-हानि क्षिति- पृथ्वी। कर्ण-कान करण-कारक है।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

मूल्यांकन

① भिन्नार्थी शब्द किसे कहते है?

② भिन्नार्थी शब्दो 5 उदाहरण दो।

③ आदि - आदी, क्षति - क्षिति, हरि - हरी का अर्थ बताओ?

④ भिन्नार्थी शब्दो में क्या समानता होती है?

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

गृहकार्य

10 भिन्नार्थी शब्दों की सूची अर्थसहित लिख कर लाओ।

Ashok Kr

LESSON No. 18

Date 11/3/15 | Duration of the period 35 मिनट
Pupil Teacher's Name सरोज लकवाड़ | Pupil Teacher's Roll No. 1425
Class 6 | Average Age of the pupils 11-12
Subject हिन्दी शिक्षण | Topic समानार्थी शब्द

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

I :- ① पाठोपरान्त विद्यार्थी समानार्थी शब्द की परिभाषा बता पाएँगे।

② पर्यायवाची शब्दों की पहचान कर पाएँगे।

II ⓘ पर्यायवाची शब्दों के उदाहरण दे पाएँगे।

ⓘⓘ विद्यार्थी पर्यायवाची शब्दों को वर्गीकृत कर पाएँगे।

III ⓘ पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में कर पाएँगे।

IV : पर्यायवाची पर्यायवाची शब्दों का मूल्यांकन कर पाएँगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

• सामान्य सहायक सामग्री :-

विशिष्ट सहायक सामग्री :- पर्यायवाची शब्दों का चार्ट।

पूर्वज्ञान परीक्षण

प्रस्तावित प्रश्न	संभावित उत्तर
① छा० फ्लैश कार्ड दिखाकर वर्षा होने वाली है था	छा० फ्लैश कार्ड से पढ़ेंगे बारिश होने वाली है।
② यहाँ दूसरे वाक्य में वर्षा के लिए क्या शब्द प्रयोग किया गया?	बारिश
③ क्या बारिश शब्द से वाक्य के अर्थ मे कोई परिवर्तन आया?	नहीं
④ इसी प्रकार हम पानी के लिए दूसरा क्या शब्द प्रयोग कर सकते है?	जल
⑤ क्या आप बता सकते है कि एक ही अर्थ बताने वाले इन शब्दों को व्याकरण मे क्या कहते है?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन :- आओ बच्चों आज हम पर्यायवाची शब्दों के विषय मे पढ़ेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण

शि०बिंदु	शि०विधि	छा० अध्यापिका क्रियाएँ
पर्यायवाची शब्दों से पहचान	वार्तालाप विधि	छा० अध्यापिका एक वाक्य बोलेंगी — * गाँधी जी सदा-सत्य बोलते थे। * गाँधी जी हमेशा सच बोलते थे। यहाँ सदा, हमेशा व सत्य और सच एक दूसरे के समानार्थी है।
पर्यायवाची शब्द	व्याख्या एवं वार्तालाप विधि	इन शब्दों को पर्यायवाची या समानार्थी शब्द कहते हैं। समानार्थी यानी समान अर्थ बताने वाले शब्द

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शि० बिन्दु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएं
परिभाषा	वार्तालाप विधि	परिभाषा :- जो शब्द समान अर्थ बताते है या एक ही अर्थ को बताने वाले शब्दों को समानार्थक या पर्यायवाची शब्द कहते हैं। जैसे - पुत्र - बेटा, सुत - नन्दन अतः ये शब्द आपस में समानार्थक हैं। छा० अध्यापिका परिभाषा को श्यामपट्ट पर लिखेंगी।
पर्यायवाची शब्दों का अभ्यास कराना।	प्रदर्शन विधि	छा० अध्यापिका चार्ट दिखाकर बच्चों से इन शब्दों और उनके अर्थ को पढ़ने के लिए कहेंगी। जैसे :- (1) मानव :- मनुष्य, आदमी (2) शत्रु :- दुश्मन, वैरी। छा० अध्यापिका कुछ वाक्य लिखेंगी और रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची शब्दों का

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शि० बिंदु	शि० विधि	छा० अध्यापिका क्रियाएं
अभ्यास	छात्र सहभागिता छात्र विधि	प्रयोग करके छात्रों को वाक्य दोबारा लिखने को कहेंगी। जैसे:- ① ईश्वर ने मनुष्य को बुद्धिमान बनाया है। ② प्रातः होने पर सूर्य निकलता है।
इन शब्दों से अर्थ से पहचान कराना।	खेल विधि खेल विधि	छा० अ० कक्षा को दो टीमों मे बांटेंगी और एक-2 करके कुछ पर्यायवाची शब्दों के फ्लैश कार्ड श्यामपट्ट पर चिपकायेंगी तथा किसी भी एक टीम के छात्र से पर्यायवाची शब्द का अर्थ ढूंढकर चिपकाने को कहेंगी इसी प्रकार खेल आगे बढ़ेगा, प्रत्येक टीम को सही अर्थ के 5 अंक मिलेंगे। इसी प्रकार छात्र कुछ पर्यायवाची शब्द सीखेंगे। अध्यापिका बच्चों को इसी प्रकार के शब्द सोचने को कहेंगी जिनके 5 पर्यायवाची शब्द छात्रों को ढूंढने या सोचने होंगे।

CIMETRIX
INDIANS · SKILLED INDIA

मूल्यांकन

① पर्यायवाची शब्दों को परिभाषित करो बच्चों।

② उचित समानार्थी शब्द चुनकर खाली स्थान मे लिखो।
① सूर्य ______ (दिवाकर, राकेश)
② बगीचा ______ (वन, उपवन)

गृहकार्य

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

* उचित जोड़े मिलाओ —

बादल	वारि
चाँद	पवन
समुद्र	कुञ्ज
वायु	जलधर
वन	राकेश
सूर्य	जलधि
जल	भूमि
पृथ्वी	सूरज

Alok

LESSON No. 19

Date 12/3/15 Duration of the period 30 मि०

Pupil Teacher's Name सरोज लकड़ा Pupil Teacher's Roll No. 1425

Class 6 Average Age of the pupils 11-12

Subject हिन्दी शिक्षण Topic निबंध "दीपावली दियो का त्यौहार

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

I :- ① विद्यार्थी भाषा के व्याकरण पक्ष का ज्ञान हो पाएँगे।

② निबंध पढ़कर अर्थ ग्रहण करने की योग्यता विकसित हो पाएँगी।

II :- ① विद्यार्थी निबंध को पढ कर समझ पाएँगे

② निबंध लिखने में सक्षम हो पाएँगे।

III ① किसी बात को संक्षिप्त व विस्तृत रूप से कहने की योग्यता विकसित कर पाएँगी।

IV ① निबंध पढ़कर अर्थ ग्रहण करने की योग्यता का विकास कर पाएँगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS SKILLED INDIA

~~सामान्य सहायक सामग्री~~

विशिष्ट **सहायक सामग्री :—** दीपावलीपर लिखा हुआ निबंध चार्ट।

पूर्वज्ञान परीक्षण

प्रस्तावित प्रश्न	संभावित उत्तर
① दीया दिखाते हुए यह क्या है?	दीया।
② दीये हम कब जलाते हैं?	दीपावली पर।
③ हम दीपावली कब मनाते हैं?	संभावित उत्तर
④ हम दीपावली क्यों मनाते हैं?	क्योंकि इस दिन भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या आए।
⑤ क्या आप दीपावली पर निबंध लिख सकते हैं?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन :— आओ बच्चों आज हम दीपावली पर निबंध लिखना सिखेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण

शि०बिंदु	शि०विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ
मौखिक अभि-व्यक्ति	वार्तालाप व वाचन विधि	छात्र अध्यापिका बच्चों को बताएँगी कि बच्चों निबंध मे अपने विचारों की अभिव्यक्ति करते है। छात्र अध्यापिका श्यामपट्ट पर दीपावली का निबंध लिखना प्रारम्भ करेंगी।
निबंध की भूमिका	वाचन व व्याख्या विधि	छा० अ० दीपावली निबंध की भूमिका लिखते हुए बताएँगी कि निबंध लिखने से पहले उसकी भूमिका लिखते है।
		भूमिकाः– भारत त्यौहारो का देश है। यहाँ दीपावली, दशहरा ईद इत्यादि त्यौहार बडी धूमधाम से मनाए जाते है। दीपावली हिन्दुओ का पवित्र व सबसे बडा त्यौहार है।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिंदु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ
भूमिका	व्याख्या विधि	पूरे भारत में मनाया जाता है। दीपावली - दीप + आवली दो शब्दों से बना है जिसका अर्थ है, दीपों की लाइन यह त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है।
संबंधित कहानियाँ	व्याख्या विधि	दीपावली से संबंधित कहानियाँ :- दीपावली के इस मधुर पर्व के साथ अनेक कहानियाँ जुड़ी है. प्रमुख कथा तो भगवान राम की है। इस दिन भगवान श्री रामचन्द्र जी लंका विजय करने के बाद अयोध्या वापिस लौटे थे। लोगो ने इस दिन अपने घरो मे दीप जलाकर और मिठाइयाँ बाँटकर खुशियाँ मनाई थी। इसी दिन स्वामी रामतीर्थ, स्वामी दयानंद तथा महावीर स्वामी को निर्वाण प्राप्त हुआ था।

CIMETRIX
SKILLED INDIA ... SKILLED INDIA

शि० बिंदु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
		यह त्यौहार देश के कोने-2 में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।	
महत्व	व्याख्या विधि	महत्व :— दीपावली स्वच्छता का भी प्रतीक है। लोग घरों की सफाई करते हैं। बाजार आतिशबाजी व पटाखों से भरे रहते हैं। दीपावली वर्षा ऋतु की समाप्ति पर आती है। वर्षा ऋतु में कीटाणु घरों में अपना घर बना लेते हैं। इसी बहाने लोग वर्ष भर में एक बार पूरे घर की सफाई करते हैं।	
उपसंहार	व्याख्या विधि	उपसंहार — दीपावली खुशियों व हर्ष का त्यौहार है। यह त्यौहार हमें भगवान राम, स्वामी दयानंद, महावीर स्वामी की याद दिलाता है। हमें उनके आदर्शों का आदर करते हुए उन पर चलने का प्रयास करना चाहिए। इस दिन बहुत से लोग जुआ खेलते हैं शराब पीते हैं यह गलत है अतः दीपावली को खुशी से मनाए।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

मूल्यांकन

① दीपावली कब मनाते हैं?

② दीपावली से संबंधित और कौन सी कहानी है?

③ दीपावली का क्या महत्व है?

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

गृहकार्य

इसी प्रकार आप किसी अन्य त्यौहार पर निबंध लिखो।

Aukku

LESSON No. 20

Date 12/3/15 | Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name सरोज धकवाड | Pupil Teacher's Roll No. 1425

Class 6 | Average Age of the pupils 11-12

Subject हिन्दी शिक्षण | Topic स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

I

1) अपनी बात को स्पष्ट और संक्षिप्त रूप मे लिख पायेंगे।

2) वे मौखिक व लिखित रूप से अपने भाव व्यक्त कर पायेंगे।

II

1) विद्यार्थी अधिकारियों को लिखे जाने वाले पत्र के विभिन्न अंगों संबोधन, प्रशस्ति, मुख्य विषय, सम्बन्ध सूचक शब्द, पता आदि लिख पायेंगे।

III

विद्यार्थी दैनिक जीवन में पत्र लिखने का प्रयोग कर पायेंगे।

IV

:- पत्र लेखन का मूल्यांकन कर पायेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS, SKILLED INDIA

सामान्य सहायक सामग्री

विशिष्ट **सहायक सामग्री:-** पत्र लिखा हुआ चार्ट।

पूर्वज्ञान परीक्षण

प्रस्तावित प्रश्न	संभावित उत्तर
① तुम किस क्षेत्र मे रहते हो ?	संभावित उत्तर।
② वहाँ सफाई की व्यवस्था कौन करता है?	M.C.D. के कर्मचारी
③ यदि वहाँ सफाई की व्यवस्था ठीक न हो तो तुम इसकी शिकायत किस से करोगे ?	स्वास्थ्य अधिकारी को।
④ स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखने की क्या विधि है?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन आओ बच्चो आज हम स्वास्थ्य अधिकार को पत्र लिखना सिखेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण

शि० बिंदु	शि० विधि	छा० अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	[crossed out]
पत्र किसें भेजना है		छा० आ० बच्चों से पूछेंगी यह पत्र किसके पास भेजना है? चार्ट दिखाते हुए – ① उस अधिकारी का नाम?		
		प्र० यह औपचारिक पत्र है या अनौपचारिक?	उत्तर - औपचारिक पत्र है।	
अधिकारी का नाम	प्रश्न उत्तर विधि	प्र० क्या आप उस अधिकारी को जानते है जिसे पत्र लिखा जा रहा है?	नहीं।	
सम्बोधन प्रशस्ति		चार्ट दिखाते हुए---! सरकारी पत्रों में अधिकारियों को किस प्रकार सम्बोधित के बाद विस्मयादि बोधक चिह्न लगाया जाता है।		
	प्रश्न-उत्तर विधि	① आप कहाँ रहते है? जगह का नाम बताइए?	बच्चे अपनी बस्ती का नाम बताएँगे	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

शिक्षण बिंदु	शि० विधि	छा० अध्यापिका क्रियाएँ	छा० क्रियाएँ	चॉक बोर्ड कार्य	शि...
पत्र का मुख्य विषय (क) निवास स्थान का नाम	छा० सहभागिता विधि	① छात्र अध्यापिका बच्चों से आप क्या सूचना देना चाहते हो।	बच्चे अपनी बस्ती का नाम बताऐंगी		
		② यह सूचना आपको खुशी दे रही है या दुख।	हम दुख के साथ यह सूचित करना चाहते है कि		
(ख) निवेदन दुःख के साथ सूचना सफाई की स्थिति खराब है।	प्रश्न-उत्तर विधि	③ आपके इलाके मे किस तरह की गन्दगी है?	हमारे इलाके में सफाई की स्थिति बहुत खराब है		
(ग) गन्दगी की दशा।		④ आपके क्षेत्र मे गन्दगी क्यो है? — सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के कारण बहुत दिनो से ठीक से सफाई नहीं हुई लापरवाही पूर्ण है।	जगह-2 गन्दगी के ढेर है। गड्ढे में बदबूदार पानी है जो सड़ गया। नालियो व सीवर की हालत बड़ी खराब है		
		⑤ कर्मचारियो का दृष्टिकोण कैसा है?	मच्छरो व मक्खियों की भरमार है।		

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शि० बिन्दु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	छा० क्रियाएँ
गन्दगी से खतरा	प्रश्न -उत्तर विधि	(6) आप की जिन्दगी पर क्या असर पड़ रहा है? (7) आप क्या निवेदन करना चाहते हैं? उत्तर- सबसे पहले ब्लाके का दौरा कर लिया जाएँ व स्थिति को स्वयं देखे फिर सफाई कर्मचारियों से सफाई अभियान चलवाएँ जाए।	उत्तर- गन्दगी के कारण साँस लेना मुश्किल है, डेंगू, मलेरिया जैसी बिमारियाँ फैल रही है।
समापन	व्याख्या विधि	पत्र के समापन मे आप भवदीय का प्रयोग करेंगे क्योंकि अधिकारी आपका परिचित नहीं है। अन्त में दायीं ओर अपना नाम व पता लिखेंगे। अगली लाइन में आप जिस तिथि को पत्र लिखा है वह तिथि लिखेंगे। अध्यापिका पूरे पत्र को श्यामपट्ट पर लिखेंगी व समझाएँगी।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

मूल्यांकन

① आप ने किस प्रकार का पत्र लिखा है?

② यह पत्र क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी को क्यो लिखा गया?

③ आपकी बस्ती मे गन्दगी की स्थिति कैसी है?

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

गृहकार्य

इसी पत्र को पढ़कर व इसी की सहायता, स्वास्थ्य अधिकारी को नालियों की दशा के बारे मे पत्र लिखो।

DISCUSSION LESSON

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

LESSON No. 2

Date 3/3/15 | Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name सरोज लकवाड़ | Pupil Teacher's Roll No. 1425

Class आठवीं | Average Age of the pupils 13+

Subject हिन्दी शिक्षण | Topic सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

I

① विद्यार्थी सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के नाम से सामान्य रूप से परिचित हो पाएँगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

II

② विद्यार्थी कवियों की जीवनी, व्यक्तित्व कृतित्व के सामान्य ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

III

① विद्यार्थी साहित्यकारों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन मे प्रयोग कर कर पाएँगे।

IV

① विद्यार्थी कविता का मूल्यांकन कर पाएँगे।

सामान्य सहायक सामग्री

~~विशिष्ट~~ सहायक सामग्री — कविता लिखी हुई चार्ट।

पूर्वज्ञान परीक्षण

प्रस्तावित प्रश्न	संभावित उत्तर
(1) बच्चों क्या आपने किसी कविता को पढ़ा है?	हाँ
(2) किस कवि की कविता पढ़ी है?	सुभद्रा कुमारी चौहान या अन्य कोई।
(3) कोई कविता सुनाओ।	बच्चे कविता सुनाएँगे - सिंहासन हिल उठे ---- राजवंशो ने भृकुटी तानी थी बूढ़े भारत में आई फिर से नई जवानी थी -- खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी।
(4) क्या आपने सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की कोई कविता सुनी है?	'समस्यात्मक प्रश्न'।

उद्देश्य कथन :— आओ बच्चो आज हम सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जी के जीवन व उनकी कविता के विषय मे पढ़ेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIAN SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण

शि० बिन्दु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएं	[crossed out]
1. "जीवनी सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला"	व्याख्या विधि	सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' हिन्दी काव्य क्षेत्र का एक निराली ही हवी थे। स्वच्छ व्यक्तित्व और स्वाभिमानी स्वभाव के धनी निराला जी का जन्म सन् 1897 ई० मे बंगाल के महिषादल राज्य के मेदिनीपुर जिले मे हुआ आपके पिता प० रामसहाय त्रिपाठी मूलतः उ० प्रदेश के जिला उन्नाव के गढाकोला गाँव के निवासी थे।		
संबंधित प्रश्न	प्रश्न - उत्तरविधि	(1) निराला जी का जन्म कब हुआ ?	1897 मे	
माता-पिता की मृत्यु	व्याख्या विधि	निराला जी के पिता महिषादल राज्य में बंगाल में कार्यरत थे। निराला जी के सिर से माता-पिता की स्नेह छाया शीघ्र ही उठ गया था।		

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
पत्नी की अल्पायु में मृत्यु	व्याख्या विधि	उनका विवाह साहित्यिक रुचि वाली मनोहर देवी से हुआ। पत्नी ने निराला में साहित्यिक अभिरुचि जगाई किन्तु वह एक पुत्री और पुत्र के पालन-पोषण का भार निराला जी पर छोड़कर मात्र 22 वर्ष की अल्पायु मे उनका चिर-विधुरता के अभिशाप से ग्रस्त करके चली गई।	
अक्खड़ स्वभाव	व्याख्या विधि	निराला पत्नी की मृत्यु से इतने अवसाद हुए कि कलकत्ता छोड़कर लखनऊ चले गए। लखनऊ में कुछ समय तक 'गंगा पुस्तक, माला तथा 'सुधा' का सम्पादन किया। अक्खड़ स्वभाव ने उनको यहाँ भी नहीं टिकने दिया और वह इलाहाबाद जाकर रहने लगे।	
संबंधित प्रश्न	प्रश्न उत्तर विधि	निराला जी ने किस पुस्तक का सम्पादन किया?	उत्तर- गंगा, पुस्तक और सुधा

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शि० बिंदु	शि० विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
पुत्री की मृत्यु	व्याख्या विधि	उनकी विवाहित पुत्री सरोज का देहान्त हो गया। पुत्री के वियोग में व्यवस्थित निराला जी ने अपने मार्मिक उद्गार 'सरोज स्मृति' मे अंकित किए इन आघातों ने 'निराला' को अत्यन्त आत्मसीमित और कठोर बना दिया।	
ाहित्य प्रदान	व्याख्या विधि	निराला जी को हिन्दी काव्य की आधुनिक प्रवृत्तियों के प्रयागराज थे। छायावादी परम्परा का सफल निर्वाह करते हुए। उन्होंने प्रगतिशील विचारधाराओं को भी काव्य मे स्थान दिया। यदि प्रगतिवादी 'सूक्ष्म' के प्रति स्थूल का विद्रोह के पुरोधा थे। बंगाल की सांस्कृतिक और विद्रोही पृष्ठ भूमि के संस्कार 'निराला' मे होकर हिन्दी - कविता तक आये, रामकृष्ण परमहंस स्वामी विवेकानन्द तथा रविन्द्र ठाकुर से अत्यधिक प्रभावित थे	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शि॰ बिंदु	शि॰ विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ
दलित वर्ग का स्थान	व्याख्या विधि	"निराला" जी ने न केवल समाज के दलित उपेक्षित जन को अपनी रचनाओं का पात्र बनाया, अपितु वैचारिक धरातल पर भी आप विश्वव्यापी चेतनाओं से जुड़े। पूँजीवाद, शोषण और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध उनकी वाणी बड़ी प्रमुखता और दृढ़ता से व्यक्त हुई। "गुलाब" शोषक [illegible] प्रमाण है।
रचनाएँ	व्याख्या विधि	निराला जी ने कविता के अतिरिक्त उपन्यास, कहानी निबंध, आलोचना एवं संस्मरण आदि अनेक विधाओं को अपनी लेखनी का विषय बनाया है। प्रमुख रचनाएँ :— 1. परिमल 2. गीतिका 3. अनामिका 4. सरोज स्मृति 5. राम की शक्ति पूजा

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शि॰ बिन्दु	शि॰ विधि	छात्र अध्यापिका क्रियाएँ
प्रश्न	प्रश्न उत्तर विधि	"निराला जी की किन्हीं दो रचनाओं के नाम बताओ?
परिमल	व्याख्या विधि	इस काव्य में 'निराला' के स्वच्छन्दतावादी कला के संदर्भ में दर्शन होते हैं।
गीतिका	व्याख्या विधि	इस संग्रह मे कवि के व्यक्तित्व के कोमलता के दर्शन होते है।
नामिका	व्याख्या विधि	इसकी रचनाओं में कलात्मक अभिव्यक्ति की प्रधानता है।
सरोज स्मृति	व्याख्या विधि	यह निराला की प्रिय पुत्री सरोज की असमय मृत्यु पर रचा गया एक धार्मिक शोक गीत है।
राम द्वारा शक्ति पूजा	व्याख्या	यह रावण वध के निमित्त राम द्वारा की गई देवी की पूजा पर आधारित एक ओज और वीर रस प्रधान रचना है।
राम की शक्ति पूजा	प्रदर्शन व व्याख्या विधि	अपरा, अणिमा, कुकुरमा, बेला, अर्चना, नए पत्ते आराधना आदि।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

मूल्यांकन

① सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के पिता का नाम क्या था?

② इनका विवाह किसके साथ हुआ? और पत्नी की मृत्यु किस उम्र मे हुई।

③ निराला जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

④ इन्होने सरोज स्मृति की रचना क्यो की?

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

गृहकार्य

① निराला का जीवन परिचय लिखिए।

② परिमल रचना किस प्रकार की है?

OBSERVATION LESSONS

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

Observation Lesson No. 1

Date 13/2/15

Pupil Teacher's Name सौनिया

Class छठी

Subject हिन्दी शिक्षण

Duration of the period 30 मिनट

Pupil Teacher's Roll No. 1425

Average Age of the pupils 12

Topic विशेषण

① सहायक सामग्री का प्रयोग किया गया।

② आवाज़ स्पष्ट थी।

③ कक्षा नियंत्रित थी

④ गृह कार्य दिया गया।

Sign. of Pupil Teacher

Sign. of Supervisor

CIMETRIX

Observation Lesson No. 2

Date 14/2/15

Pupil Teacher's Name सौनिया

Class सातवीं

Subject हिन्दी शिक्षण

Duration of the period 30 मिनट

Pupil Teacher's Roll No. 1425

Average Age of the pupils 12

Topic सर्वनाम और उसके भेद

① आवाज प्रभावपूर्ण थी।

② कक्षा नियन्त्रित थी।

③ समय- समय पर प्रश्न पूछे गए।

④ गृह कार्य दिया गया।

Sign. of Pupil Teacher

Sign. of Supervisor

Observation Lesson No. 3

Date 16/2/15

Pupil Teacher's Name सौनिया

Class सातवीं

Subject हिन्दी शिक्षण

Duration of the period 30 मिनट

Pupil Teacher's Roll No. 1425

Average Age of the pupils 12

Topic कारक और इसके भेद

1. पाठ्य प्रस्तुती अच्छी थी।

2. आवाज़ स्पष्ट थी।

3. कक्षा नियन्त्रित थी।

4. गृहकार्य दिया गया।

Sign. of Pupil Teacher

Sign. of Supervisor

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

Observation Lesson No. 4

Date 18/2/15

Pupil Teacher's Name सौनिया

Class आठवीं

Subject हिन्दी शिक्षण

Duration of the period 30 मिनट

Pupil Teacher's Roll No. 1425

Average Age of the pupils 13+

Topic क्रिया व उसके भेद

1. सहायक सामग्री का प्रयोग किया गया।

2. आवाज स्पष्ट थी।

3. बच्चों पर ध्यान दिया गया।

4. गृहकार्य दिया गया।

Sign. of Pupil Teacher

Sign. of Supervisor

Observation Lesson No. 5

Date 19/2/15 | Duration of the period 30 मिनट

Pupil Teacher's Name सोनिया | Pupil Teacher's Roll No. 1425

Class आठवीं | Average Age of the pupils 13+

Subject हिन्दी शिक्षण | Topic वर्ण-व्यवस्था

① आवाज में स्पष्टता थी।

② सहायक सामग्री का प्रयोग किया गया।

③ कक्षा में अनुशासन था।

④ गृह कार्य दिया गया।

Saroj

Sign. of Pupil Teacher | Sign. of Supervisor

CIMETRIX SKILLED INDIA

Observation Lesson No. 6

Date 21/2/15 | Duration of the period 30 मिनट

Pupil Teacher's Name सोनिया | Pupil Teacher's Roll No. 1425

Class सातवीं | Average Age of the pupils 12

Subject हिन्दी शिक्षण | Topic काल और उसके भेद

① कक्षा अनुशासित थी।

② उदाहरणों द्वारा सुन्दर स्पष्टीकरण किया गया।

③ श्यामपट्ट पर सुन्दर लिखावट में स्पष्ट थी।

④ गृह कार्य दिया गया।

Saroj

Sign. of Pupil Teacher | Sign. of Supervisor

Observation Lesson No. 7

Date: 22/2/15

Duration of the period: 30 मिनट

Pupil Teacher's Name: सोनिया

Pupil Teacher's Roll No.: 1425

Class: छठी

Average Age of the pupils: 12+

Subject: हिन्दी शिक्षण

Topic: दशहरे पर निबंध

1. सहायक सामग्री का प्रयोग किया गया।
2. कक्षा अनुशासित थी।
3. आवाज में स्पष्टता थी।
4. गृह-कार्य दिया गया।

Sign. of Pupil Teacher

Sign. of Supervisor

CIMETRIX

Observation Lesson No. 8

Date: 24/2/15

Duration of the period: 30 मिनट

Pupil Teacher's Name: सोनिया

Pupil Teacher's Roll No.: 1425

Class: सातवीं

Average Age of the pupils: 12+

Subject: हिन्दी शिक्षण

Topic: काल व उसके भेद

1. उदाहरणों का प्रयोग किया गया।
2. सहायक सामग्री का प्रयोग किया गया।
3. आवाज स्पष्ट थी।
4. गृहकार्य दिया गया।

Sign. of Pupil Teacher

Sign. of Supervisor

Observation Lesson No. 9

Date: 25/2/15
Duration of the period: 30 मिनट
Pupil Teacher's Name: सौनिया
Pupil Teacher's Roll No. 1425
Class: सातवीं
Average Age of the pupils: 12+
Subject: हिन्दी शिक्षण
Topic: वाक्य

(1) सहायक सामग्री का प्रयोग किया गया।

(2) आवाज स्पष्ट थी।

(3) कक्षा में अनुशासन था।

(4) गृह कार्य दिया गया।

Sign. of Pupil Teacher

Sign. of Supervisor

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

Observation Lesson No. 10

Date: 26/2/15
Duration of the period: 30 मिनट
Pupil Teacher's Name: सोनिया
Pupil Teacher's Roll No. 1425
Class: आठवीं
Average Age of the pupils: 13+
Subject: हिन्दी शिक्षण
Topic: व्याकरण संधि

(1) उदाहरणों का प्रयोग किया गया।

(2) कक्षा अनुशासित थी।

(3) आवाज स्पष्ट थी।

(4) गृह कार्य दिया गया।

Sign. of Pupil Teacher

Sign. of Supervisor

Observation Lesson No. 11

Date 27/12/15

Duration of the period 30 m

Pupil Teacher's Name सोनिया

Pupil Teacher's Roll No. 1425

Class सातवीं

Average Age of the pupils 12+

Subject हिन्दी शिक्षण

Topic विराम चिह्न

1. कक्षा अनुशासन में थी।
2. सहायक सामग्री का प्रयोग किया गया।
3. श्यामपट्ट पर सुन्दर लिखावट थी।
4. गृह-कार्य दिया गया।

Sign. of Pupil Teacher

Sign. of Supervisor

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

Observation Lesson No. 12

Date 28/12/15

Duration of the period 30 मिनट

Pupil Teacher's Name सोनिया।

Pupil Teacher's Roll No. 1425

Class आठवीं

Average Age of the pupils 13+

Subject हिन्दी शिक्षण

Topic शब्द रचना

1. कक्षा अनुशासित थी।
2. छा० अध्यापिका की आवाज स्पष्ट थी।
3. कक्षा-कक्ष वातावरण नाटकीय मंचन द्वारा प्रभावशाली था।
4. गृह-कार्य दिया गया।

Sign. of Pupil Teacher

Sign. of Supervisor

SCHOOL REPORT

मेरा नाम सरोज लकवाड़ है।
हमें स्कूल टिचिंग प्रोग्राम के दौरान जिस विद्यालय मे भेजा गया वह 25 कि॰मी॰ की दूरी पर स्थित है।
इस विद्यालय में लगभग 25 कमरे है, जिसमें
क) 1 रिसेप्शन रूम
ख) 1 प्राधानाचार्य कक्ष
ग) 1 स्टाफ कक्ष
घ) 1 लंच रूम है।

इस स्कूल मे प्रातः प्रार्थना होती है प्रार्थना में "आज का विचार" व 'समाचार' सुनाए जाते तदोपरान्त सभी विद्यार्थी अपनी-2 कक्षाओं में पंक्तिबद्ध होकर प्रस्थान करते है और इस प्रकार आरंभ होती है शिक्षण दिनचर्या।
विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाऐं अत्यंत मिलनसार व सहायक प्रवृति के है। सभी ने हमारा भरपूर सहयोग किया एवं शिक्षण के दौरान हमें सुझाव दे कर हमारे शिक्षण कौशल को उन्नत बनाने में सहायता की।
यहाँ के विद्यार्थी भी अत्यंत अनुशासित व व्यवहार कुशल है।
स्कूल की सुरक्षा की दृष्टि से व अनुशासन बनाए रखने के लिए पूरे स्कूल में कैमरे लगाए गए है।
विद्यालय का पूरा वातावरण शिक्षण प्रक्रिया के अनुकूल रहा।

अतः मैं यहाँ पढ़ाकर सन्तुष्ट व खुश हूं।

[signature]

CIMETRIX